Azim Premji Foundation

दिनाँक – 10,अगस्त, 2026

**प्रेषित,**

संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा /

नोडल अधिकारी , अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप

उच्च शिक्षा निदेशालय , हल्द्वानी

उत्तराखंड ।

**प्रेषक,**

राज्य प्रमुख

अज़ीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन

उत्तराखंड , देहरादून

**विषय- उत्तराखंड राज्य अकादमिक सत्र 2026-27 में स्नातक / समकक्ष ( प्रथम वर्ष ) कक्षाओं की संस्थागत अध्ययन बालिकाओं हेतु "अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप" प्रदान किए जाने संदर्भित।**

महोदय,

विदित हो, अज़ीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन द्वारा अकादमिक सत्र 2025-26 में राज्य के उच्च शिक्षा संस्थानों में स्नातक / समकक्ष ( प्रथम वर्ष ) कक्षाओं की संस्थागत अध्ययन बालिकाओं हेतु "अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप" योजना प्रारम्भ की जिसके तहत अभी तक राज्य की 8193 पात्र बालिकाओं को स्कॉलरशिप प्रदान की जा चुकी है / प्रक्रिया में है | उक्त स्कॉलरशिप की मुख्य बातें निमन्वत हैं |

अज़ीम प्रेमजी फ़ाउण्डेशन भारत में शिक्षा की गुणवत्ता व समान उपलब्धता में सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध है। अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप पहल इसी प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक और एक कदम है। अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप पहल के तहत वंचित समुदाय / समाज / क्षेत्र की लड़कियों को कॉलेज शिक्षा हासिल करने के लिए मदद की जायेगी । इस स्कॉलरशिप के तहत स्नातक अथवा समकक्ष की शिक्षा हासिल करने के लिए मदद के तौर पर **वार्षिक 30,000 ( रुपये तीस हजार मात्र )** की होगी। यह स्कॉलरशिप छात्राओं के पहले ग्रेजुएशन के लिए डिग्री या डिप्लोमा पूरा होने तक उपलब्ध कराई जाएगी।

**पात्रता हेतु जिन छात्राओं ने:-**

- स्थानीय राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय / राजकीय इंटर कॉलेज **से 10वीं और 12वीं कक्षा नियमित विद्यार्थी** के रूप में उत्तीर्ण होना **अनिवार्य** है।
- इसके साथ ही, आवेदन के समय भारत में कहीं भी राजकीय संस्थान या विश्वसनीय प्रामाणिक निजी कॉलेज या **विश्वविद्यालय के मान्यता प्राप्त स्नातक उपाधि या डिप्लोमा** (2 से 5 वर्षों की समयावधि वाले) के **प्रथम वर्ष** (2026-27 के अकादमिक सत्र) में **नियमित छात्रा** के रूप में प्रवेश प्राप्त किया होना चाहिए।

Azim Premji Foundation

" अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप" हेतु अकादमिक सत्र 2026-27 के लिए दो चरणों में आवेदन किया जा सकता है –

**प्रथम चरण – 10 अगस्त 2026 से 31 अगस्त 2026 तक**

**द्वितीय चरण – 2 जनवरी 2027 से 31 जनवरी 2027 तक**

**अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप आवेदन हेतु वैबसाइट:-**

**https://azimpremjifoundation.org/what-we-do/education/azim-premji-scholarship/applications/**

"अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप" हेतु समन्वयन एवं सहयोग हेतु , सचिव उच्च शिक्षा महोदय द्वारा संयुक्त निदेशक , उच्च शिक्षा को राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी नामित किया गया है | ताकि यथासमय सूचना, अध्यतन स्थिति एवं समन्वयन बना रहे |

अत: महोदय से निवेदन है, अकादमिक सत्र 2026-27 में "अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप" आवेदन सूचना को उच्च शिक्षा विभाग की वैबसाइट एवं समर्थ पोर्टल वैबसाइट पर प्रदर्शित करने एवं राज्य के समस्त विश्वविद्यालयों / महाविद्यालयों / संस्थानों को आवश्यक दिशा निर्देश निर्गत करने की कृपा कीजिएगा | साथ ही सभी विश्वविद्यालयों / महाविद्यालयों / संस्थानों के साथ **दिनांक 14 अगस्त , 2026 को एक ऑनलाइन अभिमुखीकरण बैठक** आयोजित करने की कृपा कीजिएगा |

सहयोग की अपेक्षा के साथ सादर धन्यवाद |

( राज्य प्रमुख)
अज़ीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन
उत्तराखंड , देहरादून

कार्यक्रम समन्वयक – अंबरीष सिंह बिष्ट , मोबाइल नंबर – 9456591201 / 8077557032
ई-मेल – ambrish@azimpremjifoundation.org

संलग्न –

1.उच्च शिक्षा विभाग की वैबसाइट हेतु अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप संदर्भित ब्रोशचर, पोस्टर एवं दस्तावेजों हेतु दिशा निर्देश |